Ans. (a) : महाराजा राम सिंह द्वितीय के द्वारा 1878 ई. काल में जयपुर में रामप्रकाश थिएटर की स्थापना की गई। राम प्रकाश थिएटर जयपुर में चाँदी की टकसाल पर स्थित है। मूल रूप से रामप्रकाश थिएटर सिनेमा हॉल नहीं था। वास्तविक रूप से यह प्रेक्षागृह था जहाँ देशभर के नाटकों का मंचन किया जाता था। जयपुर के प्रधानमंत्री मिर्जा इस्माइल की पहल पर इसे सिनेमाघर में तब्दील कर दिया गया।

129. वर्ष 1953 में एशिया का सबसे बड़ा सीमेंट कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था?

(a) जयपुर (b) सवाई माधोपुर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : वर्ष 1953 में एशिया का सबसे बड़ा सीमेंट कारखाना 'जयपुर उद्योग लिमिटेड' द्वारा सवाई माधोपुर में स्थापित किया गया। सफेद सीमेंट का प्रथम कारखाना गोठन (नागौर) में स्थापित किया गया। राजस्थान का सबसे बड़ा सफेद सीमेण्ट का कारखाना 1988 में जोधपुर में स्थापित किया गया। (जे.के. बिरला व्हाइट सीमेंट कंपनी)।

130. ''पैलेस ऑन व्हील्स'' ट्रेन किस जगह नहीं जाती है?

(a) सवाई माधोपुर (b) चित्तौड़गढ़
(c) जैसलमेर (d) धौलपुर

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (d) : 'पैलेस ऑन व्हील्स' ट्रेन भारत की पहली लग्जरी टूरिस्ट ट्रेन है, जो 26 जनवरी, 1982 को शुरु की गयी तथा यह नई दिल्ली से जयपुर-चित्तौड़गढ़-उदयपुर-जैसलमेर-जोधपुर-भरतपुर-आगरा होते हुए पुनः नई दिल्ली तक चलती है। अतः यह धौलपुर नहीं जाती है।

131. ''अंजुमन-खादिम -उल-इस्लाम'' की स्थापना निम्न में से किस रियासत में हुई थी?

(a) अजमेर (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) अलवर

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (d) – 'अंजुमन-खादिम-उल-इस्लाम' नामक संस्था की स्थापना 'अलवर रियासत' में मोहम्मद हादी के द्वारा वर्ष 1932 में किया गया था। इस संस्था के माध्यम से हादी ने अलवर के मेव किसानों को संगठित करने का प्रयास किया था।

132. निम्न में से राजस्थान का कौन-सा जिला चीनी मिल संयंत्र के कारण वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा है?

(a) श्री गंगानगर (b) बीकानेर
(c) भरतपुर (d) धौलपुर

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राजस्थान का श्री गंगानगर जिला चीनी मिल संयन्त्र के कारण वायु प्रदूषण से जूझ रहा है। राजस्थान में कुल तीन चीनी मिलें है। मेवाड़ शुगर मिल, गंगानगर शुगर मिल, केशवराय पाटन सुगर मिल।

133. हुरडा सम्मेलन में कौन सा शासक सम्मिलित नहीं था?

(a) करौली (b) किशनगढ़
(c) बीकानेर (d) कोटा

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (*) : हुरडा सम्मेलन जुलाई 1734 ई. में मेवाड़ के महाराजा जगत सिंह द्वितीय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में जयपुर के शासक सवाई जयसिंह, जोधपुर के महाराजा अभयसिंह, कोटा के महाराजा दुर्जनशाल, बीकानेर के सुजान सिंह (जोरावर सिंह), नागौर के बख्त सिंह, बूंदी के दलेल सिंह, करौली के गोपाल सिंह, किशनगढ़ के राजसिंह आदि शासक शामिल हुए थे। यह सम्मेलन मराठों के विरूद्ध राजपूत राज्यों के संगठित होकर कार्य करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

134. 'हुरड़ा सम्मेलन' का आयोजन निम्न में से किस वर्ष किया गया?

(a) 1732 ईस्वी (b) 1733 ईस्व
(c) 1734 ईस्वी (d) 1735 ईस्वी

सूचना सहायक भर्ती परीक्षा -2018 (12 मई, 2018)

Ans. (c) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

135. गुप्त सैन्य संगठन वीर भारत सभा की स्थापना की-

(a) गोपाल सिंह खरवा और केसरी सिंह बारहत
(b) अमरसिंह और सरदार सिंह
(c) रामसिंह और खुशाल सिंह
(d) लाल हरदयाल और महावल खान

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (a) – गुप्त सैन्य संगठन 'वीर भारत सभा' की स्थापना वर्ष 1910 में गोपाल सिंह खरवा एवं केसरी सिंह बारहत ने की थी। इसकी स्थापना राजस्थान के सभी वर्गो को क्रान्तिकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए की गयी थी।

136. राजस्थान में तिलपट्टी के लिए यह स्थान जाता है-

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) ब्यावर (d) अलवर

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (c) – राजस्थान में तिलपट्टी के लिए ब्यावर शहर को जाना जाता है। यह कृषि उत्पादों एवं कपड़ों का व्यवसायिक केन्द्र हैं ब्यावर शहर में बने तिल के व्यंजन पूरे देश में प्रसिद्ध हैं।

137. 'एक्सरसाइज डेजर्ट नाइट 21' (भारत और फ्रांस के मध्य हवाई सैन्य अभ्यास) का आयोजन जनवरी, 2021 में किस स्थान पर हुआ था?